**राइट्स लिमिटेड**
(**भारत सरकार का एक उद्यम**)
राइट्स भवन, प्लॉट नं.-1, सैक्टर-29, गुड़गांव-122001

## हिंदी सहायक के पद के लिए संविदा आधार पर भर्ती

राइट्स लिमिटेड, रेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक मिनी रत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, परिवहन, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा संबंधित तकनीकी के क्षेत्र में एक प्रमुख बहु विद्या परामर्शी संगठन है.

राइट्स लिमिटेड को निम्नलिखित उर्जावान एवं परिश्रमी स्टाफ की आवश्यकता है:

| **वीसी सं.** | **पद** | **रिक्तियां** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **सामान्य** | **अ.पि.व.** | **अ.जा.** | **अ.ज.जा.** | **कुल** |
| 32/18 | हिंदी सहायक | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |

## आयु सीमा

| **अधिकतम आयु** | **आयु की गणना के लिए निर्धारित तारीख** |
|---|---|
| अन्य पिछड़ा वर्ग - 33 वर्ष (आयु में छूट सहित)<br>अनुसूचित जाति - 35 वर्ष (आयु में छूट सहित) | 01.06.2018 |

## न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव**

(1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य या ऐच्छिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में;**अथवा**

(2) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर हिंदी अनिवार्य या ऐच्छिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में; **अथवा**

(3) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी माध्यम के साथ हिंदी अथवा अंग्रेजी से इतर किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य अथवा ऐच्छिक विषय के रूप में हो अथवा परीक्षा का माध्यम हो**; अथवा**

(4) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम के साथ हिंदी अथवा अंग्रेजी से इतर किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और डिग्री स्तर पर हिंदी अनिवार्य अथवा ऐच्छिक विषय के रूप में हो अथवा परीक्षा का माध्यम हो**; अथवा**

(5) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी अथवा अंग्रेजी से इतर किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य अथवा ऐच्छिक विषय के रूप में हों अथवा दोनों में से कोई एक परीक्षा का माध्यम हो और दूसरा अनिवार्य अथवा ऐच्छिक विषय हो.

तथा

अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद का ज्ञान तथा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण में दक्षता.
उम्मीदवार की कंप्यूटर की-बोर्ड पर हिंदी टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए.

**वांछनीय**:

हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम अथवा सरकार के उपक्रमों सहित केंद्र अथवा राज्य सरकार के कार्यालयों में हिंदी से अंग्रेजी अथवा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद का दो वर्ष का अनुभव हो.

Jobsarkari.com

आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/दिव्यांग, जो लागू हो) ने न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में कम से कम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए होंगे तभी उन पर आरक्षित पदों के लिए विचार किया जाएगा.

अनुभव की गणना के लिए निर्धारित तिथि 01.06.2018 है.

**शैक्षणिक योग्यता के लिए नोट**:
उम्मीदवार भारत में केंद्रीय या राज्य विधायिका के अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शिक्षण संस्थानों अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन घोषित डीम्ड विश्वविद्यालय से यूजीसी / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पूर्णकालिक डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त हों. इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के ए एवं बी परीक्षा खंडों की परीक्षा जिसे भारत सरकार द्वारा डिग्री/डिप्लोमा के समतुल्य माना गया है, भी स्वीकार्य होगी.

## चयन प्रक्रिया

दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच के पश्चात, उपयुक्त उम्मीदवारों को चयन के लिए बुलाया जाएगा जिसमें साक्षात्कार शामिल होगा. कंपनी को पात्र उम्मीदवारों में से लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची बनाने का अधिकार है.

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने तथा पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करने के पश्चात; उम्मीदवारों का टाइपिंग परीक्षा के लिए चयन किया जाएगा.

उम्मीदवार की कंप्यूटर की-बोर्ड पर हिंदी टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए.

संबंधित पद पर चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति राइट्स के नियमों तथा चिकित्सा उपयुक्तता के मानकों के अनुसार कराई गई जांच में उनके चिकित्सीय रूप से योग्य पाये जाने पर ही निर्भर करेगी.

## छूट एवं रियायतें

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, (क्रिमी लेयर में नहीं) /शारीरिक अशक्त भूतपूर्व सैनिक/जम्मू एवं काश्मीर के अधिवासी उम्मीदवारों को आरक्षण/ छूट/रियायत भारत सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार दी जाएगी.

चालीस प्रतिशत (40) या अधिक का अशक्त उम्मीदवार ही शारीरिक अशक्त के रूप में विचार किए जाने का पात्र होगा. ऐसे शारीरिक रूप से अशक्त उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट के पात्र होंगे.

शारीरिक अशक्त उमीदवारों को निम्नलिखित शारीरिक अपेक्षाओं/क्षमताओं को पूरा करना अपेक्षित होगा जो कि संबंधित पदों पर कार्य करने के लिए आवश्यक होगा :-

| क्रम. सं. | श्रेणी | कार्यात्मकता वर्गीकरण | शारीरिक अपेक्षाएं |
|---|---|---|---|
| 1 | गतिशीलता अक्षमता | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीएलओए | एस,एसटी,बीएन,डब्ल्यू,एसई,एमएफ,सी, आर,डब्ल्यू एवं आरडब्ल्यू |
| | बधिर क्षति | एचआई | |
| | दृष्टि क्षति | एलवी,बी | |

**कार्यात्मक वर्गीकरण:**

| कोड | कार्य |
|---|---|
| ओएल | एक टांग प्रभावित (दायीं या बायीं) |
| ओए | एक भुजा प्रभावित |
| ओएएल | एक टांग एक भुजा प्रभावित |
| बीएल | दोनों टांगें प्रभावित |
| बीएलओए | दोनों टांगें एक भुजा प्रभावित |
| एचआई | बहरापन |
| एलवी | कम दृष्टि |
| बी | नेत्रहीन |

**शारीरिक अपेक्षाएं**

| कोड | शारीरिक अपेक्षाएं |
|---|---|
| एस | बैठकर कार्य निष्पादन (बैंच अथवा कुर्सी पर) |
| एसटी | खड़े हो कर कार्य निष्पादन |
| एसई | देखकर कार्य निष्पादन |
| आरडब्ल्यू | पढ़ एवं लिखकर कार्य निष्पादन |
| बीएन | झुक कर कार्य निष्पादन |
| एमएफ | उंगलियां घुमाकर कार्य निष्पादन |
| सी | संपर्क द्वारा कार्य निष्पादन |
| डब्ल्यू | चलकर कार्य निष्पादन |
| एच | सुनकर/बोलकर कार्य निष्पादन |

## नियुक्ति की प्रकृति एवं अवधि

नियुक्ति पूर्ण रूप से संविदा आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए होगी. जिसे आपसी सहमति द्वारा कार्य पूरा होने तथा संतोषजनक कार्य निष्पादन पर बढ़ाया जा सकता है.

चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की आवश्यकता अनुसार भारत में कहीं भी तैनात किया किया जा सकता है. तथापि उनकी प्रारंभिक तैनाती निम्नानुसार की जाएगी:

| क्रम सं. | तैनाती का स्थान | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | भुवनेश्वर | 1 |
| 2 | चेन्नै | 1 |

## पारिश्रमिक

वेतन, भत्ते और अनुलब्धियां (पर्क्स) निम्नानुसार होंगे :-

| पद | मूल वेतन | भत्ते | अन्य अनुलब्धियां |
|---|---|---|---|
| हिंदी सहायक | रूपये 12,870/-(1 से 3% वार्षिक वेतन वृद्धि निष्पादन पर आधारित है) | गैर मैट्रो शहरों में 65%, मुंबई/बैंगलोर के अलावा अन्य मैट्रो शहरों में 70%एवं मुंबई/बैंगलोर के लिए 75% | स्वयं के लिए चिकित्सा एवं दुर्घटना बीमा तथा पीएफ में@12%नियोक्ता अंशदान कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा. |

गैर-मेट्रो शहरों में तैनाती पर समेकित कुल वेतन जिसमें नियोक्ता का भविष्य निधि अंशदान सहित का कुल 22,780/- होगा.

**उपरोक्त दर्शाया गया पारिश्रमिक केवल परिचायक है. वास्तविक पारिश्रमिक नियुक्ति के तैनाती स्थान तथा अन्य शर्तों एवं परिलब्धियों पर निर्भर करते हैं**

## शुल्क

उक्त पद पर आवेदन के लिए कोई शुल्क अपेक्षित नहीं है.

## आवेदन कैसे करें

1. **उम्मीदवार आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए आवश्यक शर्तों एवं अपेक्षाओं को पूरा करते हैं.**

2. उपर्युक्त निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को राइट्स वैबसाइट, http://www.rites.com के कैरियर सेक्शन में उपलब्ध पंजीकरण प्रोफार्मा में ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है.

Jobsarkari.com

3. ऑनलाइन आवेदन देने पर; सिस्टम उम्मीदवार द्वारा भरे हुए ऑन लाइन फार्म के ऊपर 'पंजीकरण संख्या' जनरेट करेगा. राइट्स लिमिटेड के साथ आगे संपर्क किए जाने के लिए इस "पंजीकरण संख्या" को नोट कर लें.

4. इस "पंजीकरण संख्या" युक्त ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति का प्रिंट निकाल कर हस्ताक्षर करें तथा इसे दिए गए क्रमानुसार (ऊपर से नीचे) निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व सत्यापित प्रतियां साथ लगाकर भेजा जाए.

   क. हाल ही में खींचे गए पासपोर्ट साइज के 2 फोटो
   ख. जन्म तिथि के प्रमाण के लिए दसवीं का प्रमाण-पत्र
   ग. शैक्षणिक तथा पेशेवर योग्यता प्रमाण-पत्र सहित सभी समेस्टरों/वर्षों की अंक तालिका (दसवीं, बारहवीं, डिप्लोमा/स्नातक/स्नातकोत्तर जो लागू हो)
   घ. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित प्रमाण-पत्र, भारत सरकार के निर्धारित फार्मेट में, (यदि लागू हो)
   ङ. पहचान तथा पते का प्रमाण (वोटर पहचान पत्र/आधार कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस आदि)
   च. पैन कार्ड
   छ. आवेदन में किए गए उल्लेखानुसार अनुभव प्रमाण पत्र (कालक्रमानुसार). (यदि लागू हों )
   ज. अपनी उम्मीदवारी के दावे से संबंधित कोई अन्य प्रमाण पत्र/दस्तावेज.
   झ. नवीनतम प्रोफार्मा के अनुसार शारीरिक रूप से विकलांग प्रमाण-पत्र (यदि लागू हों)

**उपरोक्त दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रोफार्मा "सहायक प्रबंधक(का)/भर्ती, राइट्स लिमिटेड, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001" को निर्धारित तारीख के अंदर डाक द्वारा भेजें.**

5. आवेदक कृपया अपनी पूर्व नियुक्ति से संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्रों की प्रतियां अपने आवेदन के साथ संलग्न करें. वर्तमान नियुक्ति से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यग्रहण पत्र सहित पिछले महीने की वेतन पर्ची अथवा फार्म 16 तथा अन्य दस्तावेज जिनसे आपके वर्तमान में भी कार्य करने की पुष्टि हो, को संलग्न करें. आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए दावे गलत पाये जाने की स्थिति में आपके आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा. कृपया अपने दावों तथा प्रमाण पत्रों को जांच लें. अधूरा आवेदन अथवा अपर्याप्त प्रमाण के फलस्परूप आपके आावेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा. इसके पश्चात कोई दावा मान्य नहीं होगा.
6. (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) से संबंधित समुदाय प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में होना चाहिए. केंद्रीय सूची में शामिल अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार के निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार प्रमाण-पत्र (जिसमें उल्लेख हो कि उम्मीदवार 'क्रिमी लेयर' से संबंधित नहीं है) होना चाहिए तभी उन पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों हेतु विचार किया जाएगा.
7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस आवेदन फार्म की एक प्रति अपने पास रखें और यदि बुलाया जाता है तो चयन के समय इसे साथ लाएं.
8. जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन पंजीकरण किया है लेकिन नियत तारीख को उपरोक्त दस्तावेजों के साथ उनके आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा. कंपनी केवल उन्हीं आवेदनों पर विचार करेगी जो संबंधित प्रोफार्मा में हार्ड कॉपी में निर्धारित तारीख तक प्राप्त होंगे.
9. उम्मीदवार को मूल प्रमाण-पत्र/दस्तावेजों सहित स्व-सत्यापित दस्तावेजों की एक प्रति को साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) प्रस्तुत करना होगा.
10. आवेदन प्रति तथा दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. राइट्स लिमिटेड उम्मीदवार द्वारा भेजे गए किसी पोस्ट/कोरियर के न मिलने पर जिम्मेवार नहीं होगा.
11. राइट्स के विभागीय कर्मचारियों तथा सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने संगठन से समुचित रूप से कार्यमुक्त होने पर ही राइट्स में कार्यग्रहण करने दिया जाएगा.

12. संबंधित पद के चयन के लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु तथा अनुभव के संबंध में विज्ञापन में दिए गए न्यूनतम निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं करने वाले उम्मीदवार ऑन लाइन पंजीकरण नहीं कर सकेंगे.
13. उम्मीदवार को एक रिक्ति सं. के लिए केवल एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा और एक बार प्रस्तुत आवेदन को बदला नहीं जा सकता .यदि उम्मीदवार एक से अधिक रिक्ति सं. के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो उन्हें प्रत्येक रिक्ति सं. के लिए के लिए अलग से आवेदन करना होगा तथा चयन समय-सारणी के अनुसार उपस्थित होना होगा. ऑनलाइन आवेदन जमा कराने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी देना अनिवार्य है. राइट्स, उम्मीदवार को भेजे गए किसी भी ई-मेल के न मिलने के लिए जिम्मेवार नहीं होगा.
14. उम्मीदवार के किसी दावे में विसंगति होने पर उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

## स्थान एवं समय

लघु सूची उम्मीदवारो को चयन स्थान, तारीख एवं समय से संबंधित विवरण के बारे में सूचित किया जाएगा.

## सामान्य अनुदेश

1. प्रबंधन को कोई भी अन्य नोटिस जारी किए बिना तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर चयन/भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/संशोधित/ परिवर्तित करने का अधिकार है.
2. पदों की संख्या में बदलाव हो सकता है.
3. सेवारत सरकारी/पीएसयू के कर्मचारियों का चयन होने की स्थिति में अपने मूल संगठन को समुचित रूप से कार्यभार छोड़ने पर ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी.
4. प्रशिक्षण/प्रशिक्षक/अप्रेंटिसशिप की अवधि को योग्यता पश्चात अनुभव नहीं माना जाएगा.
5. किसी विवाद के मामले में कानूनी क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा.
6. किसी भी प्रकार का ट्रेन/बस किराया/टीए/डीए देय नहीं होगा.

## राइट्स से संपर्क

इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी जानकारी पंजीकरण के समय उम्मीदवार द्वारा दी गई ई-मेल तथा/अथवा राइट्स वैबसाइट पर अपलोड के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपडेट्स के लिए समय-समय पर साइट देख लें.

राइट्स के साथ किसी भी संपर्क के लिए निम्नलिखित विवरण होने चाहिए:

- **i.** रिक्ति सं.
- **ii.** पंजीकरण/रोल नं.
- **iii.** उम्मीदवार का पूरा नाम बड़े अक्षरो में.
- **iv.** आवेदन में दिया गया वैध ई-मेल पता

उपरोक्त विवरण न होने पर संपर्क का उत्तर नहीं दिया जाएगा.

**किसी अन्य प्रकार की सूचना rectt@rites.com से प्राप्त की जा सकती है.**

उपरोक्त के अलावा किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया भर्ती अनुभाग से दूरभाष नं. 0124-2818178 / 2818163 पर 10.00 बजे अपराह्न से 5.00 बजे पूर्वाह्न तक कार्यालय दिवस (सोमवार-शुक्रवार) को संपर्क करें. **उपरोक्त उल्लिखित सूचना से संबंधित पहले से विज्ञापन में दी गई जानकारी का जवाब नहीं दिया जाएगा.**

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| क्र.सं. | विवरण | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन पंजीकरण आरंभ होने की तारीख | 27.06.2018 |
| 2 | ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तारीख | 18.07.2018 |
| 3 | हार्ड कॉपी में दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तारीख | 26.07.2018 |
| 4 | चयन की तारीख | बाद में सूचित किया जाएगा |

Jobsarkari.com

Jobsarkari.com